# अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
**ATAL BIHARI VAJPAYEE VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (CHHATTISGARH)**
website: www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक/2571/गोपनीय/2021 बिलासपुर, दिनांक 31.05.2021

## परीक्षार्थियों हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर की वार्षिक परीक्षा 2020–21 की परीक्षा में शामिल होने वाले समस्त परीक्षार्थियों को अधिसूचना क्रमांक 2553 दिनांक 22.05.2021 द्वारा परीक्षा की समय–सारणी, प्रवेश–पत्र एवं उत्तर पुस्तिका के आवरण/मुख्य पृष्ठ एवं शेष पृष्ठों के प्रतिदर्श रूप को प्रस्तुत करते हुये 32 पृष्ठों की उत्तर पुस्तिका को बनाने हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.bilaspuruniversity.ac.in पोर्टल से डाउनलोड करने के संबंध में दिशा–निर्देश दिये गये थे, इन्हीं के अनुक्रम में निम्न निर्देशों को परीक्षार्थियों हेतु जारी किया जाता है–

1. विश्वविद्यालय की वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी अपने प्रवेश–पत्र एवं अभिप्रमाणक पत्रक विश्वविद्यालय की वेबसाईट/www.exam.bucgexam.in पोर्टल से डाउनलोड करेंगे दिनांक 01.06.2021 से प्रारंभ होने वाली परीक्षाओं के लिये ये पत्रक दिनांक 24.05.2021से उपलब्ध है।
2. परीक्षार्थी आवरण पृष्ठ का प्रयोग करते हुये 32 पृष्ठों की उत्तर पुस्तिका बनायेगा, इससे अधिक पृष्ठों की उत्तर पुस्तिका मान्य नहीं होगी। इस उत्तर पुस्तिका के किनारे पर तीन बार स्टेपलर पिन से स्टेपल करना होगा। यदि परीक्षार्थी आवरण पृष्ठ डाउनलोड नहीं कर पाता है तो आवरण पृष्ठ में लिखित समस्त जानकारियों को लिखते हुये स्वयं की हस्तलिपि से इस पृष्ठ को तैयार कर सकता है।
3. परीक्षार्थियों को दिनांक 01.06.2021 से प्रश्न–पत्र महाविद्यालय द्वारा छात्रों के ईमेल/व्हाट्सप ग्रुप अथवा परीक्षार्थी द्वारा अपने यूजर आई.डी. का प्रयोग करते हुये लागईन करने पर विश्वविद्यालय की वेबसाईट से समय–सारिणी में दिये गये समय के अनुसार प्राप्त हो सकेंगे। ये प्रश्न–पत्र उत्तर पुस्तिका जमा करने की अंतिम तिथि (दिनांक 15.06.2021) से एक दिन पूर्व तक निर्बाध रूप से डाउनलोड किये जा सकते हैं। उपर्युक्त निर्धारित समयावधि तक परीक्षार्थी किसी भी तिथि/कक्षा/विषय का प्रश्न–पत्र किसी भी समय अपने लागईन आई.डी. का प्रयोग करते हुये प्राप्त कर सकता है।
4. परीक्षार्थी पृथक–पृथक विषय के लिये तैय्यार की गई 32 पृष्ठों की उत्तर पुस्तिका मे उत्तर लिखकर इन लिखित उत्तर पुस्तिकाओं को एवं अभिप्रमाणक पत्रक को पूर्णतया भरकर इन्हें अपने महाविद्यालय में अंतिम तिथि के पूर्व भी इन्हें कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये विभिन्न समयावधियों में जारी मानक परिचालन प्रक्रियाओं (SOP) का पालन करते हुये जमा कर सकेंगे। महाविद्यालय में उत्तर पुस्तिका को जमा करने की अंतिम तिथि 15.06.2021 है, परीक्षा परिणामों की शीघ्र घोषणा को ध्यान में रखते हुये इनमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जायेगा। परीक्षार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वो अंतिम तिथि के पूर्व ही उत्तर पुस्तिका को महाविद्यालय में जमा करें ताकि अनावश्यक भीड़ से वे अपने को बचा सके।

5. परीक्षार्थी यदि किसी विशेष कारणवश महाविद्यालय में अपनी उत्तर पुस्तिका को जमा करने की स्थिति में नही है तो इस दशा में उत्तर पुस्तिका को स्पष्ट रूप से स्कैन करने के पश्चात अपने महाविद्यालय के ई मेल आई डी पर पी.डी.एफ. बनाकर दिनांक 15.06.2021 के पूर्व प्रेषित करेगा एवं उत्तर पुस्तिका की हार्ड कॉपी स्पीड पोस्ट के माध्यम से उपर्युक्त तिथि/ इसके पूर्व महाविद्यालय को भेज सकेंगे।

6. कोविड–19 विश्वव्यापी संक्रमण के मामलों में क्रमशः कमी दृष्टिगोचर होने, राज्य शासन द्वारा लाकडाउन की प्रक्रिया को क्रमशः शिथिल करते हुये अनलॉक की समयाविधि एवं छूटों को बढ़ाने, शैक्षणिक सत्र को एकेडेमिक कैलेन्डर के अनुसार जारी रखने के अनुक्रम में परीक्षा परिणामों की शीघ्र घोषणा के लिये परीक्षार्थियों द्वारा लिखित उत्तर पुस्तिका महाविद्यालय में अनिवार्य रूप से जमा की जायेगी।

अपवाद स्परूप विशेष कारणों से महाविद्यालय तक नहीं आ पाने या ऐसे परीक्षार्थी जो राज्य के बाहर निवासरत हो इनकी उत्तर पुस्तिका उचित प्रमाण–पत्र के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य को आवेदन करते हुये उत्तर पुस्तिका को संलग्न कर स्पीड पोस्ट के माध्यम से परीक्षा प्रारंभ होने की तिथि से 15 दिवस के अंदर (अर्थात् दिनांक 15.06.2021 तक) महाविद्यालय को प्रेषित कर सकेगें। स्पीड पोस्ट से प्रेषित की जाने वाली उत्तर पुस्तिका के लिफाफे पर परीक्षार्थी अपना नाम/कक्षा/रोल नम्बर/नामांकन क्रमांक/उत्तर पुस्तिका की संख्या का स्पष्ट रूप से उल्लेख करेंगे। परीक्षार्थी को दिनांक 15.06.2021 के पश्चात स्पीड पोस्ट से उत्तर पुस्तिका को प्रेषित करने की अनुमति नहीं होगी। विलंब से उत्तर पुस्तिका के प्रेषण के लिये परीक्षार्थी स्वयं जवाबदार होगा।

7. स्पीड पोस्ट से उत्तर पुस्तिका के लिफाफे को प्रेषित करने पर प्राप्त रसीद को परीक्षार्थी सुरक्षित रखेगा एवं महाविद्यालय/विश्वविद्यालय द्वारा मांग करने पर उसकी छायाप्रति प्रस्तुत करेगा।

8. उपर्युक्त प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के दौरान परीक्षार्थी संक्रमण से बचाव कि लिये जारी दिशा–निर्देशों का एवं महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा जारी निर्देशों का पालन भी कड़ाई से करेंगे।

(हस्ताक्षर) 31.5.21

**परीक्षा नियंत्रक**
**अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

पृ. क्रमांक/2572/गोपनीय/2021 दिनांक 31/05/2021

प्रतिलिपि :–

1. माननीय कुलपति महोदय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
3. परीक्षा प्रभारी, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
4. कार्यालय प्रति।

(हस्ताक्षर) 31.5.21

**परीक्षा नियंत्रक**
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)